आकाशवाणी शिमला
07.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से एन.डी.ए. संसदीय दल का नेता चुना गया।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा–प्रदेश विधानसभा की आंतरिक सुरक्षा के लिए गठित होगा स्थाई सुरक्षा बल।
- आगामी सेब सीजन में यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत सुनिश्चित करेगी प्रदेश सरकार।
- प्रदेश में 14 जून को सभी जिलों में आयोजित होगी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल।

.............

नरेंद्र मोदी

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है। नई दिल्ली में आज एन.डी.ए. संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने मोदी को एनडीए का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के एक सौ 40 करोड़ लोगों की इच्छा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है कि देश समृद्ध हो और महाशक्ति बने। टी.डी.पी. प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है।

नरेंद्र मोदी–2

बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब हम सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है। एनडीए के सभी नेतृत्व स्तंभों के बीच एक सामान्य बात है, वह है सुशासन। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडीए को लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में बहुमत मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हमें जो सफलता मिली वह सराहनीय है।

धूमल

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति सेएन.डी.ए का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में एन.डी.ए की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं जो उनके समर्पण, इमानदारी और कार्य के प्रति निष्ठा का परिणाम है।

कुलदीप सिंह पठानिया

प्रदेश विधानसभा की आंतरिक सुरक्षा के लिए स्थाई सुरक्षा बल का गठन किया जाएगा। ये निर्णय विधानसभा की आंतरिक सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। उन्होंने कहा कि स्थाई सुरक्षा बल का गठन यू.पी., हरियाणा और पंजाब विधानसभाओं की तर्ज पर होगा। इसमें विभिन्न स्तर के सुरक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थाई तौर पर पद सृजित किए जाएंगे। ये सभी अधिकारी और कर्मचारी विधानसभा सचिवालय के स्थाई कर्मचारी होंगे और सत्र के दौरान कार्य के अतिरिक्त विधानसभा के दोनों परिसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्थाई सुरक्षा बल का गठन प्रदेश सरकार को भेजा रहा है। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए ये भी कहा कि दोनों विधानसभा परिसरों की सुरक्षा चाकचौबंद होनी चाहिए और सत्र के दौरान अनुशासन व सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा, डी.जी.पी. अतुल शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा

भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना ने कहा है कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। उन्होंने आज शिमला में एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान हैं। इसी लिए वह अब अपने बयानों से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि पिछले 60 वर्षों में भारतीय बजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुणा मार्केट कैप मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में ही हासिल कर लिया गया।

दिल्ली जल संकट

अतिरिक्त मुख्य सचिव ओमकार शर्मा ने कहा है कि हिमाचल दिल्ली को उसके साथ हुए समझौते और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक पानी की आपूर्ति करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार और दिल्ली सरकार के बीच दिसम्बर 2019 में एक सौ 37 क्यूसेक पानी देने को लेकर समझौता हुआ था। दिल्ली और हरियाणा के बीच टकराव को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल का दिल्ली सरकार के साथ समझौता है जो जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल ने अपना ये पक्ष सुप्रीम कोर्ट में भी रखा है और उसमें समझौते मुताबिक पानी की आपूर्ति जारी रखने के बात कही गई है।

जगत सिंह

बागवानी मंत्री जगत सिंह ने कहा है कि आगामी सेब सीजन के दौरान सरकार फल उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत सुनिश्चित करेगी। जगत सिंह नेगी आज शिमला में विभिन्न हितधारकों के साथ सेब सीजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेब सीजन को सफल बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। बागवानी मंत्री ने फल व्यापारियों के पंजीकरण और उनको लाइसेंस देने व फल उत्पादकों को समय पर भुगतान करने पर भी बल दिया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को फल उत्पादक क्षेत्रों को टर्मिनल मंडियों से जोड़ने वाली सड़कों के उचित रखरखाव और भारी बारिश और भू–स्खलन से बाधित सड़कों को समय पर बहाल करने के निर्देश भी दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल देश के विकास के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि अब विकास और अधिक रफ्तार पकड़ेगा और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर भारतवासी सहयोग को तत्पर है। उन्होंने कहा कि देश ने इंडी गठबंधन को नकार कर मोदी के विकास पर मोहर लगाई है।

मॉकड्रिल

प्रदेश में 14 जून को बाढ़, भू–स्खलन, हिम–स्खलन और औद्योगिक आपदा जैसी घटनाओं से निपटने के लिए राज्य के सभी जिलों में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉकड्रिल को लेकर आज राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। राणा ने बैठक में कहा कि 12 जून को सभी जिलों में टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जमीनी स्तर पर की गई तैयारियों का मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल में विशेष कर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आपदा में फंसे विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने को लेकर अभ्यास किया जाएगा। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों में समन्वय स्थापित करना भी है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव परिणामों से भाजपा को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। प्रतिभा सिंह ने आज शिमला में एक बयान कहा कि देश के मतदाताओं ने भाजपा का चार सौ पार का नारा पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में भाजपा ने भले ही चारों लोकसभा सीटें जीती हैं लेकिन विधानसभा उप–चुनाव में कांग्रेस ने 6 में 4 सीटें जीत कर साफ कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। प्रतिभा सिंह ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के इस्तीफे की मांग को हास्यास्पद करार दिया।

कुलदीप राठौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पर लोगों का विश्वास बढ़ा है और मतदाताओं ने हिन्दुत्व के एजेंडे को नकारा है। राठौर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि भले ही देश में एनडीए सरकार बनने जा रही है लेकिन ये ज्यादा दिन नहीं चलेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन का श्रेय राहुल गांधी को दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राहुल गांधी को कोई बड़ी जिम्मेदारी संगठन में दी जाए। समर फेस्टिवल

अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देने हेतु कलाकारों के ऑडिशन 12 और 13 जून को शिमला के गेयटी थिएटर में होंगे। ग्रीष्मोत्सव कमेटी के अध्यक्ष व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि ऑडिशन के लिए कोई भी कलाकार 11 जून को दोपहर 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

मौसम

प्रदेश में लोगों को जल्द ही भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 20 जून तक मानसून दस्तक दे सकता है। हालाँकि अभी प्रदेश के अधिकांश भागों में तेज़ धुप निकलने से गर्मी का प्रकोप जारी है और मैदानी भागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आज से 9 जून तक राज्य के मध्यम ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर अंधड़ और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंट की रफ्तार से आंधी चलने व हल्की वर्षा होने और अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में वर्षा व हल्के हिमपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

नमस्कार।